संख्या- /71-2-13-के0जी0एम0यू0-55/2013

000026

प्रेषक,

अरिन्दम भटटाचार्य
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 21 नवम्बर, 2014

**विषयः- किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग में सेन्टर आफ एडवान्स रिसर्च ट्रेनिंग एण्ड सर्विसेज (कार्टस) की स्थापना हेतु पदों के सृजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 1262/योजना एवं क्रय/2014, दिनांक 16.05.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग में सेन्टर आफ एडवान्स रिसर्च ट्रेनिंग एण्ड सर्विसेज (कार्टस) की स्थापना हेतु निम्नलिखित अस्थायी पदों को दिनांक 28-02-2015 तक सृजित किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि इससे पूर्व ही उक्त पदों को समाप्त न कर दिया जायः-

| क्र0 | पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान-ग्रेड पे |
|---|---|---|---|
| 1 | साइन्टिस्ट-बी (मेडिकल) | 02 | रू0 15600-39100 (ग्रेड-पे 5400/-) |
| 2 | साइन्टिस्ट-बी (नॉन मेडिकल) | 01 | रू0 9300-34800 (ग्रेड पे 4600/-) |
| 3 | कनिष्ठ सहायक | 01 | 5200-20200 (ग्रेड-पे-2000/-) |
| | | कुल योग-04 | |

2- उक्त के अतिरिक्त श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित 04 अन्य पदों का कार्य आउट सोर्सिंग के आधार पर कराये जाने की भी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर आपरेटर | 01 |
| 2 | योग इंस्ट्रक्टर | 01 |
| 3 | स्प्रीचुअल काउंसलर | 01 |
| 4 | ड्राइवर | 01 |
| | | योग-04 |

3- उक्त पदों पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोकस्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105 -एलोपैथी-03-शिक्षा -0366- किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ -31 सहायता अनुदान सामान्य (वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3/2527/दस-2014, दिनांक 20 नवम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

( अरिन्दम भटटाचार्य )
विशेष सचिव

4237

संख्या- (1)/71-2-14-के0जी0एम0यू0-55/13, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. विभागाध्यक्ष, वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
6. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-3
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8. नियोजन अनुभाग-4
9. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
10. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन को चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
11. गार्ड फाइल।

22/11/14

आज्ञा से,

( ऋषिकेश दुबे )
अनु सचिव